फ़ाइल सं. 8/2/2020-गो.।।

महत्वपूर्ण सूचना

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा(सीजीएलई) 2018 के लिए कौशल परीक्षा

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2018 के पात्र अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षा देश भर में दिनांक 18.12.2020 और 19.12.2020 को आयोजित की जाएगी। इस कौशल परीक्षा में तीन मॉड्यूल शामिल होंगे, जैसे- डेटा एंट्री स्पीड टेस्ट (डीईएसटी), पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन /स्लाइड बनाना (एमएस पावर प्वाइंट), और स्प्रेड शीट (एमएस एक्सेल)।

2. डेटा एंट्री स्पीड टेस्ट (डीईएसटी) के लिए, लगभग 2000 (दो हजार) की-डिप्रेशन का एक पाठ (मास्टर टेक्स्ट पैसेज़) दिया जाएगा । इस परीक्षा की अवधि 15 मिनट होगी ।

- अभ्यर्थी केवल मास्टर टेक्स्ट पैसेज में दिए गए शब्दों के बराबर शब्द टाइप कर सकते हैं।
- अल्फ़ान्यूमेरिक-की के बाद स्पेस का संयोजन एक "शब्द" के बराबर माना जाएगा।
- मास्टर टेक्स्ट पैसेज में दिए गए शब्दों की कुल संख्या टाइप करने के बाद, स्पेस बार आगे अतिरिक्त शब्द की टाइपिंग करने की अनुमति नहीं देगा । उदाहरण के लिए, यदि मास्टर टेक्स्ट पैसेज में 500 शब्द हैं, तो अभ्यर्थी केवल 500 शब्द ही टाइप कर सकते हैं और अभ्यर्थी स्पेस बार के बाद अतिरिक्त शब्द टाइप नहीं कर पाएंगे।
- यदि अभ्यर्थी अतिरिक्त शब्द / गलत शब्द टाइप करते हैं और मास्टर टेक्स्ट को पूरा करने से पहले शब्दों की अनुमत संख्या समाप्त हो जाती है, तो वे मास्टर टेक्स्ट को पूरा करने के लिए गलत टाइप किए गए शब्दों को सही करने या अतिरिक्त टाइप किए गए शब्दों को हटाने के लिए एरो-की/ बैकस्पेस-की का उपयोग कर सकते हैं।

3. पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन / स्लाइड बनाना (एमएस पावर प्वाइंट)] और स्प्रेड शीट (एमएस एक्सेल) की परीक्षा एमएस ऑफिस प्लेटफॉर्म (माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस - 2007 और उच्चतर संस्करणों) पर देनी होगी और प्रत्येक मॉड्यूल की अवधि 15 मिनट होगी ।

- ये मॉड्यूल एक के बाद एक आयोजित किए जाएंगे।
- दोनों मॉड्यूल के पूरा होने के बाद अभ्यर्थियों के कार्य का प्रिंटआउट लिया जाएगा ।
- अभ्यर्थियों को प्रिंट कमांड देनी होगी और प्रिंटआउट प्राप्त होने के बाद वे प्रत्येक पृष्ठ पर अपना रोल नंबर और नाम लिखेंगे तथा हस्ताक्षर करेंगे ।

(एच.एल. प्रसाद)
अवर सचिव (गोप.।।)
दिनांक: 10.12.2020